प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 29 अप्रैल, 2025 :-

दिनांक 29 अप्रैल, 2025 को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची (IHM, Ranchi) के 'ग्रेजुएशन समारोह' में माननीय राज्यपाल के सम्बोधन के मुख्य बिन्दुः-

जोहार! नमस्कार!

1. आज का यह अवसर जहाँ एक उत्सव का है, वहीं अभी हम सबके हृदय में गहरी पीड़ा भी है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने सम्पूर्ण देश को दुःख और आक्रोश से भर दिया है। मासूम नागरिकों पर किया गया यह कायरतापूर्ण हमला मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात है। इस आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों के प्रति हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हम सभी देशवासी पीड़ित परिवारजनों के साथ हैं।

2. माननीय प्रधानमंत्री जी ने बहुत ही स्पष्ट शब्दों में कहा है कि हमला करने वाले आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी

बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। हमारा देश किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई छेड़े, तो उसे छोड़ता भी नहीं है। सभ्य समाज में आतंक के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। भारत सरकार द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।

3. आज IHM, रांची का ग्रेजुएशन समारोह (2022-2025) है। इस अवसर पर मैं सभी उपाधिधारकों को बधाई देता हूँ। यह एक ऐसा अवसर है जो हमारे स्नातकों के जीवन की एक नई शुरुआत का प्रतीक है तथा उनके साथ उनके परिजनों, शिक्षकों और संस्थान के सभी सदस्यों के लिए भी गर्व का पल है।

4. विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, संघर्ष और प्रयासों के साथ यह उपाधि प्राप्त की है। अब आपके सामने अनेक अवसर और चुनौतियाँ हैं, जो आपके मार्गदर्शन में नई दिशा दे सकती हैं। आपने जो शिक्षा प्राप्त की है, वह न केवल आपके व्यक्तित्व को सशक्त बनाएगी, बल्कि आपको आतिथ्य क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करने में भी मदद करेगी।

5. मेरा लंबा संसदीय अनुभव रहा है। इस दौरान मैंने इस क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नजदीक से देखा है, जिन्होंने अपने श्रम और समर्पण से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। मुझे याद है, लगभग दो दशक पूर्व हमारे परिवार के एक सदस्य ने एक होटल मैनेजमेंट संस्थान में नामांकन लिया था और आज वह बहुत ही अच्छी जगह पर है। इस क्षेत्र में संभावनाएं इतनी हैं कि कल्पना नहीं की जा सकती।

6. यह हर्ष का विषय है कि वर्ष 2019 में स्थापित इस संस्थान ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि रचनात्मक और सांस्कृतिक योगदान में भी महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। IHM, Ranchi को 2021 में "Most Admired Hotel Management Institute of the Year" का सम्मान प्राप्त हुआ और यह 2023, 2024 एवं 2025 में देश के शीर्ष होटल प्रबंधन संस्थानों की सूची में सम्मिलित हुआ।
7. संस्थान का यह गौरव है कि वह अपने विद्यार्थियों को 100% प्लेसमेंट प्रदान कराने में सक्षम रहा है। इस संस्थान के विद्यार्थी न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी अपना नाम रोशन कर रहे हैं। यह इस संस्थान के प्रशिक्षण, शिक्षा और व्यावहारिक कौशल का प्रमाण है।

8. प्रिय विद्यार्थियों, अब आपकी जिम्मेदारी है कि आप समाज में सकारात्मक प्रभाव डालें। आतिथ्य क्षेत्र में आपके पास समाज को जोड़ने, नए रिश्ते बनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की शक्ति है। आपके कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि आप हमारे राज्य और देश के आतिथ्य क्षेत्र को और समृद्ध बनाएं। यह क्षेत्र न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। जैसा कि आप अपने करियर की शुरुआत करते हैं, याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आईएचएम, रांची और हमारे झारखंड राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं और इसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी है।

9. हमारा देश आज पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्थल और विविधता भारत को एक बेहतरीन

पर्यटन स्थल बनाते हैं। "अतुल्य भारत" अभियान ने देश के पर्यटन को एक नई दिशा दी है और यह हमें और हमारे राज्य झारखंड को वैश्विक मंच पर पहचान दिला रहा है।

10. हमारा यह विचार "अतिथि देवो भवः", आज भी हमारे आतिथ्य क्षेत्र की पहचान है। यह आदर्श हमें यह सिखाता है कि हर मेहमान का स्वागत दिल से किया जाना चाहिए, क्योंकि हर एक व्यक्ति हमारे लिए पूज्य होता है। यह हमारी संस्कृति और सम्मान का प्रतीक है।

11. प्रिय विद्यार्थियों, आपके सामने अब असीम संभावनाओं से भरी दुनिया है। मेरी कामना है कि आप कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें, अपने सपनों को साकार करें और अपने संस्थान, राज्य तथा देश का गौरव बढ़ाएँ। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता की नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करेंगे।

जय हिन्द! जय झारखण्ड!

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक श्रीमती सुधा लील्हा ने राज भवन में भेंट की तथा संस्था की विस्तृत गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज स्कूल एरा, रांची के प्रबंधकीय संपादक श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को विद्यालय के रजत सम्मान समारोह में आमंत्रित किया। उक्त अवसर पर माननीय राज्यपाल जी को शिष्टमंडल ने विद्यालय द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका भी भेंट की।